पत्रिका

Date: 14.02.2022

**5 मिनट तक चला ट्रायल :** चार से पांच दिन में अब पूरी तरह से शुरू हो जाएगा काम

# नेपा मिल में 6 साल बाद पेपर का उत्पादन शुरू, झूम उठे कर्मचारी

पत्रिका ऑन द स्पॉट

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**नेपानगर.** 6 साल बाद आखिरकार नेपा लिमिटेड की मशीन पर अब पूरी तरह से अखबारी कागज का उत्पादन शुरू हो गया। रविवार शाम 6 बजे कंपनी की पेपर मशीन क्रमांक 1 पर लगभग 5 मिनट तक ट्रायल हुआ। अखबारी कागज निकलते ही काम कर रहे कर्मचारी खुशी से झूम उठे और एक दूसरे को बधाई दी। वर्षों बाद कंपनी में शुरू हुए मशीन की सूचना नगर में भी तेजी से फैलते ही नगर में भी खुशियां छा गई।

नेपा लिमिटेड में वर्ष 2016 में रिनोवेशन कार्य की शुरुआत हुई थी। 6 साल बाद कंपनी में प्रोडक्शन शुरू हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि मशीन का ट्रायल लिया जा रहा है। प्रथम ट्रायल सफल रहा। मामूली सुधार किए जाने के बाद आने वाले कुछ ही समय में मशीन अखबारी कागज निकालने में सक्षम होगी। वहीं पेपर मशीन क्रमांक 2 का रिनोवेशन कार्य भी जारी है।



मशीन से उत्पादन हुआ कागज।

## इसी मशीन से निकलेगा राइटिंग पेपर

अधिकारियों ने बताया कि उक्त मशीन से ही राइटिंग पेपर का भी प्रोडक्शन किया जाएगा। रिनोवेशन कार्य के बाद अब कंपनी अपनी दोनों मशीनों से अखबारी कागज के साथ राइटिंग-प्रिंटिंग पेपर निकालने में सक्षम होगी। कुछ दिनों तक कंपनी में ट्रायल चलता रहेगा। इसके बाद फाइनल प्रोडक्शन शुरू होगा।

## 6 सितंबर-12 को मिली थी पैकेज को स्वीकृति

नेपा लिमिटेड में रिवाइवल पैकेज को 6 सितंबर 2012 को दिल्ली में संपन्न हुई कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति मिली थी। कैबिनेट ने 1025 करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज स्वीकृत किया था। इसमें 285 करोड़ से मिल के मशीनों का नवीनीकरण, 157 करोड़ को इक्विटी शेयर में बदलना, 128 करोड़ का बैंकों से लोन भुगतान, 64 करोड़ मप्र सरकार से आर्थिक सहायता के अंतर्गत नेपा मिल का 35 करोड़ माफ करना और 29 करोड़ इक्विटी शेयर में बदलना जैसे कार्य शामिल थे।

मशीन के सफल ट्रायल पर कंपनी के सीएमडी सौरभ देब ने कहा कि मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि मैं एक ऐसी टीम का सदस्य हूं जिन्होंने अपने जज्बे और काबिलियत पर यकीन कर यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि नेपा लिमिटेड में शीघ्र उत्पादन प्रारंभ होने से न केवल देश आत्मनिर्भर बनेगा। बल्कि स्थानीय लोगों को भी कंपनी में रोजगार मिलेगा। पिछले दो माह से मिल में अलग-अलग मशीनों पर ट्रायल का काम चल रहा है। लेकिन अब जाकर पूरी तरह से अखबार कागज बनकर बाहर निकला है।

नेपा लिमिटेड में शीघ्र उत्पादन प्रारंभ होने से न केवल देश आत्मनिर्भर बनेगा। बल्कि स्थानीय लोगों को भी कंपनी में रोजगार मिलेगा।

**सौरभ देब,**
सीएमडी नेपा मिल, नेपानगर

Date: 14.02.2022

c m y k

PPT

# बुरहानपुर-नेपानगर

प्रथम प्रहरी टाइम्स

शाहपुर, खकनार, धुलकोट, खंडवा, सनावद, कसरावद    इंदौर, सोमवार , दिनांक, 14 फरवरी 2022



## थाने में की कबूतर चोरी की शिकायतः पुलिस से सीसीटीवी में जांच कर आरोपियों को पकड़ने की मांग

**पीपीटी न्यूज. बुरहानपुर।** शहर के बैरी मैदान क्षेत्र से अज्ञात बदमाश ने एक घर से टूर्नामेंट के लिए तैयार किए जा रहे 30 कबूतरों को चुराकर ले गया। इसकी शिकायत पीड़ित ने कोतवाली थाने में की है। पीड़ित ने पुलिस से CCTV के माध्यम से पता लगाने की मांग की है। आखिर रातों-रात कबूतर कौन चुरा ले गया। रियाजउद्दीन, पिता अय्यूब खान, निवासी बैरी मैदान ने रविवार सुबह कोतवाली थाने में शिकायत किया कि छत पर 60 कबूतर मौजूद थे। इनमें 30 बच्चे और 30 खिलाड़ी कबूतर थे जिन्हें खंडवा-बुरहानपुर की टीमों के बीच होने वाले टूर्नामेंट के लिए तैयार किया जा रहा था।

# नेपा लिमिटेड में निकला अखबारी कागज

## एशिया की पहली पेपर मिल का उत्पादन प्रयास सफल








शहज़ाद अली. नेपानगर

## कई साल बाद नगरवासियों सहित आसपास क्षेत्र में खुशियों का माहौल

**नेपानगर शहर के लिए एक बार फिर इतिहास में लिखा जाने वाला शनिवार का दिन दिनांक 12.02.2022 कहलाया जाएगा। नेपानगर शहर की जीवनदायनी कहलाने वाली एशिया की प्रसिद्ध पहली पेपर मिल नेपालिमिटेड का परीक्षण के दौर में अखबारी कागज के उत्पादन का प्रथम प्रयास पूर्ण रूप से सफल रहा है।**

नेपानगर में स्थित नेपालिमिटेड की स्थापना 26 अप्रैल 1956 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कर कमलों द्वारा शुरू की गई थी। जिसके बाद तकनीकी परेशानी के चलते नेपालिमिटेड में पेपर निकलना 25 जुलाई 2016 से बंद हो गया था, जिसका पूर्णउद्धार का कार्य को जारी रखा, जहाँ शनिवार को पेपर निकलने के बाद उत्साह भरी सफलता मिली है। नेपानगर सहित आसपास के ग्रामीण एवं नेपालिमिटेड से जुड़े लोगों ने अपने अपने तरीके से सोशल मीडिया सहित अन्य जगह उत्साह के साथ खुशियां मनाई है। नेपालिमिटेड बंद होने के बाद अपना अस्तित्व खोती नजर आ रही थी जिसके बाद पूर्व की केंद्र सरकार एवं वर्तमान केंद्र सरकार प्रयासरत रही थी। नेपानगर में स्थित नेपालिमिटेड के पुनः अपने पूर्व गौरव की ओर अग्रसर होकर उत्पादन प्रारम्भ होने से नेपानगर एवं आस पास के समस्त क्षेत्र में हर्ष एवं उत्साह का माहौल व्याप्त है। नेपा लिमिटेड में शीघ्र उत्पादन प्रारम्भ होने से न केवल देश आत्मनिर्भर बनेगा अपितु स्थानीय लोगों को भी इससे रोजगार मिलेगा।



नेपालिमिटेड का उत्पादन प्रारम्भ होने के अवसर पर अध्यक्षऊसह-प्रबंध निदेशक कमोडोर सौरव देब ने बधाई देते हुये कहा कि आज मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि मैं एक ऐसी टीम का सदस्य हूँ, जिन्होंने अपने जज्बे एवं काबिलियत पर यकीन करके यह सफलता प्राप्त की है, इसीलिए इस अवसर पर नेपा प्रबंधन क्षेत्रीय सांसद, विधायक, पूर्व विधायकगण, जिलाधीश महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय, एस.डी.एम. महोदय, नगर पालिका अध्यक्ष एवं उन सभी का आभार व्यक्त करते है जिन्होंने संस्थान के उत्थान के लिये प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना सहयोग प्रदान किया है।

### निर्भय नेपा सोसाइटी ने मिठाई बांटकर मनाई खुशियां

नेपालिमिटेड के प्रबंधक ने कहा हम यह आशा करते है कि शीघ्र ही हम परीक्षण के दौर को समाप्त करते हुये कागज का शीघ्र उत्पादन कर अपने पूर्व गौरव को प्राप्त करेंगे। वही आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के 75वें वर्ष का उत्सव मनाने एवं जनता, संस्कृति तथा देश की उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने की भारत सरकार की एक पहल है। आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान ही नेपा लिमिटेड के पुनरुद्धार एवं मिल विकास योजना का कार्य भी समाप्ती की ओर अग्रसर होकर परीक्षण के दौर से गुजरकर अपने पूर्व गौरव को प्राप्त करेगी। नेपालिमिटेड के अखबारी कागज के उत्पादन का प्रथम प्रयास सफल होकर कागज के पुनः उत्पादन पर नगर की संस्था निर्भय नेपा सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने खुशियां मनाते हुए मिठाई बांटी है, वही कहा है कि नेपालिमिटेड निदेशक कमोडोर सौरव देब जी के आने के बाद कार्य मे तेजी आई थी जिसकी बदौलत आज हमे यह मौका मिला है।

Date: 13.02.2022



# नेपा मिल छह साल बाद उत्पादन के लिए तैयार

*लंबे समय से बंद पड़ा एशिया का पहला अखबारी कागज कारखाना नेपा मिल उत्पादन के लिए अब पूरी तरह तैयार हो गया है। केंद्र सरकार से मिले 469 करोड़ रुपये के रिवाइवल पैकेज के माध्यम से छह साल से इसे तैयार करने का काम चल रहा था।*

Publish Date: | Sun, 13 Feb 2022 08:05 PM (IST)

S

बुरहानपुर/नेपानगर(नईदुनिया न्यूज)। लंबे समय से बंद पड़ा एशिया का पहला अखबारी कागज कारखाना नेपा मिल उत्पादन के लिए अब पूरी तरह तैयार हो गया है। केंद्र सरकार से मिले 469 करोड़ रुपये के रिवाइवल पैकेज के माध्यम से बीते छह साल से इसे तैयार करने का काम चल रहा था। नई मशीनों की स्थापना से लेकर नेपा मिल में कई तरह के काम कराए गए हैं। शनिवार शाम मिल के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पेपर मशीन का ट्रायल शुरू किया गया। रविवार को भी मशीन के परीक्षण का काम जारी रहा। अधिकारियों के मुताबिक अभी कुछ दिन तक मशीन को ट्रायल मोड पर चलाया जाएगा, ताकि शेष कमियों को ठीक किया जा सके। कुछ दिन बाद यह कागज उत्पादन में पूरी तरह सक्षम हो जाएगी। आने वाले समय में इस कारखाने में व्यावसायिक उत्पादन शुरू होगा। इसके लिए बड़ी मात्रा में केमिकल, कधाा माल, वेस्ट पेपर आदि सामग्री जुटाई जाएगी। नेपा मिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सौरभ देब ने बताया कि आरएमडीपी योजना के तहत कुछ समय पहले ही मिल की सभी इकाइयों के रिनोवेशन का काम पूरा करा लिया गया था। शनिवार को पहली बार नई मशीन का परीक्षण किया गया जिसमें हम सफल रहे। कुछ दिन और परीक्षण कर इसे बेहतर बनाया जाएगा। यहां से उधा गुणवत्ता के लेखन, मुद्रण पेपर के साथ अखबारी कागज का उत्पादन होगा।

कोरोना काल में भी चला काम

नेपा मिल के रिनोवेशन का काम आरएमडीपी योजना के तहत वर्ष 2015-16 में शुरू किया गया था। बीते दो साल में कोरोना काल और लाकडाउन जैसी परिस्थितियां भी निर्मित हुईं। जिससे काम प्रभावित हुआ लेकिन बंद नहीं हुआ। सीएमडी सौरभ देब ने कोरोना संक्रमण के बावजूद काम बंद नहीं होने दिया। जबकि इस दौरान अधिकांश मजदूर अपने घरों को लौट गए थे। विदेशों से मशीनों और तकनीशियन को बुलाने में भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। मिल में उत्पादन शुरू होने से नेपानगर के लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। जिससे पहले की तरह नगर की आर्थिक गतिविधियां पटरी पर लौट सकती हैं। मिल बंद होने के कारण अब तक व्यापार, व्यवसाय ठप पड़ा था।